भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3219

15 मार्च, 2021 को उत्तर के लिए

इस्पात संयंत्रों का विनिवेश

3219. श्री प्रतापराव पाटिल चिखलीकर:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने इस्पात संयंत्र के विनिवेश हेतु कोई योजना बनाई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इन इस्पात संयंत्रों के विनिवेश से कितना अनुमानित राजस्व अर्जित होने की संभावना है; और

(घ) क्या सरकार का नए इस्पात संयंत्रों की स्थापना करने का कोई विचार है?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) से (ग): सरकार ने इस्पात संयंत्रों के विनिवेश के लिए कोई विशिष्ट योजना नहीं बनाई है। तथापि, सरकार ने हाल ही में आत्मनिर्भर भारत के लिए नई सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (पीएसई) नीति लागू की है, जिसमें भावी विनिवेशों के लिए विषय-क्षेत्र, वर्गीकरण और प्रक्रिया आदि सहित विस्तृत विवरण शामिल है। इस नीति के अनुसार, इस्पात का उत्पादन गैर-रणनीतिक क्षेत्र में आता है। इस्पात संयंत्रों के विनिवेश से सृजित होने वाली प्रत्याशित राजस्व/विनिवेश आय का आकलन इस समय नहीं किया जा सकता है क्योंकि यह लेनदेन के दौरान बाजार की स्थितियों और निवेशक के हित पर निर्भर करता है।

(घ): इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है। नए इस्पात संयंत्रों की स्थापना सार्वजनिक और निजी, दोनों क्षेत्रों, की कंपनी विशेष का वाणिज्यिक निर्णय होता है, जो बाजार की गतिशीलता पर आधारित होता है।

****